गुड़िया बाबा की | By Rita Rajput

मैं गुड़िया तेरे आँगन की
मैं गुड़िया बाबा
तुझसे जुडी है डोरी मेरे मन की
मैं गुड़िया तेरे आँगन की

तेरी कृपा से ऐसा सौभाग्य पाया
जो मुझको तेरे दर ले आया
तेरी कृपा से साड़ी खुशियां मिली
मैं गुड़िया तेरे आँगन की

दरबार तेरा लागे प्यारा
बिसराया मैंने जग ये सारा
तुझसे कही सब सुख दु:ख की
मैं गुड़िया तेरे आँगन की

जबसे श्याम तुम्हे अपना बनाया
हर पल तुमने साथ निभाया
तुझसे बंधी तार साँसों की
मैं गुड़िया तेरे आँगन की

एक दिन लूंगी मैं जग से विदाई
अर्जी पे मेरी श्याम करना सुनवाई
गुड़िया बनु मैं तेरी जन्मो की
मैं गुड़िया तेरे आँगन की

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%81%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%80-by-rita-rajput/